>

Title: Need to take stringent action against Internet service provider companies allegedly committing irregularities in the country.

श्री जयवंत गंगाराम आवले (लातूर): सभापति महोदय, देश में इंटरनेट सेवा तथा नेटवर्क कम्पनियां अनियमितताएं बरत रही हैं। एमटीएस (MTS) इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराने के नाम पर घटिया डाटा कार्ड सप्लाई कर ग्राहकों को ठग रही है। अच्छे से अच्छा नेटवर्क तथा इंटरनेट सर्च का छलावा दे कर ग्राहकों से पैसा वसूलती है तथा ग्राहकों की शिकायत सुनने के लिए इनका कस्टमर केयर विभाग शिकायतें दर्ज करने की बजाय इधर-उधर की बातें कह कर अनसुना कर देता है तथा शिकायत दूर करने से पहले ही ग्राहक के मोबाइल पर मैसेज भेज देती है कि आपकी शिकायत दूर कर दी गई है। यह कम्पनी ग्राहकों को धोखे में रखते हुए ऐसे इलाकों में भी कथित तौर पर अपनी सेवाएं दे रही है, जहां इनका नेटवर्क टावर भी उपलब्ध नहीं है। एमटीएस (MTS) कम्पनी के इंजीनियर्स इस बात को जानते हुए भी इनका प्रोडक्ट बेच कर ग्राहकों के साथ धोखा कर रहे हैं। एटीएस कम्पनी ग्राहकों को लुभाने के लिए भविष्य में एक कनेक्शन और रिबोक शूज़ देने का आफर दे कर ग्राहकों को ठग रही है। इस कम्पनी पर जनहित के लिए कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए तथा इनकी अनुमति रद्द की जाए।